राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
(ऊर्जा विभाग)
आठवां तल, बी-विंग, दिल्ली सचिवालय, आई0पी0 इस्टेट,
नई दिल्ली–110002.

## विज्ञापन

ऊर्जा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, जन शिकायत कक्ष (विद्युत) में सदस्य (तकनीकी) के पद हेतु प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर ऊर्जा क्षेत्र में उत्पादन, पारेषण और वितरण में कम से कम 15 वर्ष का अनुभव रखने वाले सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के सेवानिवृत्त/सेवारत मुख्य अभियंता रैंक के अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है। वितरण क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, पद की पेशकश की जाएगी। सरकार किसी भी समय पद को समाप्त करने का अधिकार रखती है।

1. पारिश्रमिकः –

(क) प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के मामले में, रुपये का वेतनमान 37400–67000, ग्रेड वेतन 10000 (छठा वेतन आयोग) तथा अन्य यथोचित भत्ते।

(ख) संविदात्मक नियुक्ति के लिएः 30,000/–रुपये की समेकित राशि जमा तथा यात्रा एवं मोबाइल फोन सुविधा लागू होगी।

या

(ग) लागू दर पर अंतिम वेतन घटा मूल पेंशन जमा मंहगाई भत्ता। हालांकि, एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी को वित्त विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन सं0 फा0.20/47/2015–एसी/204–248 दिनांक 04.12.2015 के अनुसार सलाहकार के रूप में अपनी नियुक्ति की अवधि के दौरान पेंशन और महंगाई राहत जारी रहेगी। सलाहकार के रूप में उसकी नियुक्ति को पुनः रोजगार के मामले के रूप में नहीं माना जाएगा।

चयनित व्यक्ति उपरोक्त 1 (ख) और 1 (ग) में दिए गए दो विकल्पों में से किसी एक को स्वीकार कर सकता है। वह किसी भी समय एक महीने का नोटिस देकर विकल्प को संशोधित कर सकता है।

2. कार्यकालः –

प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए। हालाँकि, इसके आगे के संतोषजनक प्रदर्शन और निर्दिष्ट कार्य और इसके पूरा होने की समय सीमा के आधार पर इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। नियुक्ति की कुल अवधि 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी। सलाहकार के रूप में नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।

3. आयु सीमाः –

क. प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधिकारियों के लिए – 56 वर्ष से अधिक नहीं।
ख. संविदात्मक नियुक्ति के लिए – 62 वर्ष से अधिक नहीं।

इच्छुक पात्र उम्मीदवार अपने जीवन–वृत्त (बायोडाटा) का पूर्ण विवरण देते हुए सचिव (ऊर्जा), ऊर्जा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, आठवां तल, बी–विंग, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली –110002 को विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर आवेदन कर सकते है। प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अधिकारियों को पूर्ववर्ती पांच वर्षो की एसीआर, सतर्कता/अनुशासन मंजूरी तथा उनके चयन पर अधिकारी को तत्काल कार्यभार मुक्त करने संबंधी संगठन की अन्डरटेकिंग सहित उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए। हालाँकि, आवेदन की एक अग्रिम प्रति दिए गए पते पर भेजी जा सकती है।

18/7/2019

(आर0 एस0 सामरिया)
उप0 निदेशक (ऊर्जा)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार